(ख) क्या सरकार का विचार इन सात जिलों के सर्वांगीण विकास के लिए कोई सर्वेक्षण कराने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इन पिछड़े जिलों का विकास सरकार किस प्रकार से करना चाहती है ?

**प्रधान मंत्री (श्री मुरारजी देसाई) :** (क) अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां छत्तीसगढ़ के सात जिलों की कुल संख्या का लगभग 40.5 प्रतिशत हैं । ये जिले पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से जन-जातीय उप-योजना के अन्तर्गत आते है । इसके अलावा इन सात जिलों में से तीन जिलों के कुछ खण्डों में लघु कृषक विकास अभिकरण काम कर रहा है । ये कार्यक्रम उन विकास कार्यक्रमों के अतिरिक्त हैं जो राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे हैं जो कि मुख्य रूप से इस क्षेत्र के विकास के लिए उत्तरदायी हैं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) जनजातीय जनसख्या की बहुलता वाले क्षेत्रों के विकास से संबंधित नीति 1978-83 की पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में दी गई है ।

**Alternating Fuel for Tarapur Plant**

7425. SHRI P. K. KODIYAN: Will the Minister of ATOMIC ENERGY be pleased to state:

(a) whether the Scientists at the Department of Atomic Energy have been working on an alternative fuel to prevent uninterrupted functioning of the Tarapur plant in the context of the present attitude of the United States; and

(b) if so, the details thereof?

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): (a) Yes, Sir.

(b) Use of mixed oxide fuel consisting of uranium and plutonium is theoretically feasible as an alternative fuel to run the Tarapur Atomic Power Station. The requisite technical studies are in progress. As plutonium is a highly toxic substance, special fabrication techniques and facilities would be needed to make fuel bundles suitable for Tarapur Atomic Power Station. All these aspects are being studied.

**स्टेशन निदेशकों के रूप में पदोन्नत सहायक स्टेशन निदेशकों की संख्या**

7426. **श्री रामभूर्ति :** क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में कितने सहायक स्टेशन निदेशकों को स्टेशन निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया ;

(ख) आपात स्थिति के दौरान 1976 में गठित विभागीय पदोन्नति समिति ने कितने सहायक स्टेशन निदेशकों से साक्षात्कार किया और उनमें से कितनों को स्टेशन निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया ;

(ग) उन सहायक स्टेशन निदेशकों के नाम क्या हैं जिन्हें दो वर्ष से कम के अनुभव के साथ भी स्टेशन निदेशकों के रूप में पदोन्नत कर दिया गया , और

(घ) उनको स्टेशन निदेशकों के रूप में पदोन्नत करने के क्या कारण है और उन सब की विशेष अर्हताएं क्या हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) :** (क) पिछले तीन वर्ष के दौरान 65 सहायक केन्द्र निदेशकों को विभागीय

पदोन्नति कोटे में केन्द्र निदेशक के रूप में पदोन्नत किया गया था। इसके अलावा, पांच सहायक केन्द्र निदेशकों को दूरदर्शन में उसी वेतनमान में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था जो आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) का है ?

(ख) से (घ). आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) के पदो के वर्तमान भर्ती नियमो के अनुसार, इस ग्रेड मे 75 प्रतिशत पद पदोन्नति द्वारा निम्नानुसार भरे जाते हैं :-

"(1) वे सहायक केन्द्र निदेशक जिनकी ग्रेड मे नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 5 वर्ष की सेवा हो।

(2) उपर्युक्त (1) के न हो सकने पर, सहायक केन्द्र निदेशक और कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव के ग्रेडों के वे अधिकारी जिनकी इन ग्रेडो मे नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद 10 वर्ष की सम्मिलित सेवा हो।

(3) उपर्युक्त (1) और (2) के न हो सकने पर, वे अधिकारी जिनकी कार्यक्रम एग्जीक्यूटिव के रूप मे सामान्य ग्रेड मे या सलेक्शन ग्रेड मे या दोनो मे 10 वर्ष की सेवा हो"

उक्त (2) के अनुसार, 58 सहायक केन्द्र निदेशकों का इण्टरव्यू विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सितम्बर, 1976 मे लिया गया था और आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) के पद पर पदोन्नति के लिए 42 व्यक्तियो की एक चयन सूची उपलब्ध की गई थी। इनमें से 34 व्यक्तियो की आकाशवाणी मे केन्द्र निदेशको के पद पर पदोन्नत कर दिया गया था, 4 को दूरदर्शन मे विशेष कार्य अधिकारी के पद पर और एक को बेस प्रोडक्शन यूनिट के केन्द्र निदेशक के पद पर उसी वेतनमान मे नियुक्त किया गया था जो आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) का है ; एक ने पदोन्नत होने से इन्कार कर दिया था और शेष दो विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन से पहले ही सेवा निवृत्त हो गये थे। पदोन्नत किए गए सहायक केन्द्र निदेशको मे से निम्नलिखित पांच सहायक केन्द्र निदेशको की उस ग्रेड मे उस समय दो वर्ष से भी कम सेवा थी जब 31 दिसम्बर, 1976 को आकाशवाणी के केन्द्र निदेशक (सामान्य ग्रेड) के रूप मे उनकी पदोन्नति के आदेश जारी किए गए थे.

(1) श्री राजेन्द्र प्रसाद
(2) श्री एम०पी० लेले।
(3) श्री सी०आर० रामस्वामी
(4) श्री एस०पी० विटठल
(5) श्री एस० रामा राम

पदोन्नत किए गए अधिकारियो का चयन भर्ती नियमो और संघ लोक सेवा आयोग के एक सदस्य की अध्यक्षता मे विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशो के अनुसार किया गया था और विभागीय पदोन्नति कोटे मे केन्द्र निदेशक के रूप में पदोन्नत किए जाने के लिए उनके पास विशेष अर्हताओ का होना अपेक्षित नही था।

**Tribal Blocks brought under Micro-Projects in M.P**

7427. SHRI PARMANAND GOVINDJIWALA. Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state

(a) how many tribal blocks were brought under Micro-projects (Sub Plan of Integrated Tribal area-development) in M P during the Fifth Plan;

(b) whether the Planning department has received a draft of "The integrated tribal development project of Khandwa" under a micro plan from the collector East Nimar (Khandwa) M.P.;